# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

**1st Term Test – 2018**

**Sub:** **HINDI GRAMMAR** | **Class:** **4B** | **F.M:** 45

**Duration:** 1½ hrs | **Date:** 25.04.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) विलोम शब्द:- (1*4=4)

स्वस्थ , सरल, मित्र ,विवाहित

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)

आदमी,पहाड़ ,आकाश

3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (1*3=3)

क) शहर में रहने वाला

ख) जो संभव न हो

ग) जो साथ पढ़ता हो

**(खंड ख)**

4) प्रश्न - उत्तर :- (3)

क) भाषा के कितने रूप हैं?नाम लिखो |

ख) लिपि किसे कहते हैं ?

ग) वर्ण किसे कहते हैं ?

5) वचन बदलकर लिखो :- (3)

क) लड़का मंच पर नाच रहा है|

ख) मेज पर किताब रखी है |

ग) बन्दर ने केला खाया |

6) निम्न शब्दों का वर्ण - विच्छेद करो :- (3)

क) गुलाब

ख) सूरज

ग) कमल

7) शब्द ओर पद में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर लिखो | (3)

8) अनुस्वार किसे कहते हैं? उदहारण दो | (3)

## (खंड - ग)

9) वचन किसे कहते हैं ?वचन के कितने प्रकार हैं ?उनके बारे में उदहारण सहित लिखो | (1+1+3=5)

10) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (5)

क) आग बबूला होना

ख) आँखें खुलना

ग) अपना उल्लू सीधा करना

घ) अंग - अंग मुस्काना

ङ) आँखों में धूल झोंकना

11) अपठित गद्यांश (5*2=10)

क) आजकल दिन - प्रतिदिन पेड़ कट रहे हैं | जंगल साफ़ होते जा रहे हैं |जंगली जानवरों का रहना कठिन हो गया है |वर्षा भी कम हो रही है |हमें सांस लेने के लिए शुद्ध हवा नहीं मिल रही ,क्योंकि शुद्ध हवा हमें पेड़ों से ही मिलती है | इसलिए हम सबको पेड़ अवश्य लगाने चाहिए |

अनुछेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:-

a) जंगल साफ़ क्यों होते जा रहे हैं ? (1)

b) पेड़ कटने से वर्षा पर क्या प्रभाव पड़ता है ? (1)

c) हमें शुद्ध हवा कहाँ से मिलती है ? (1)

d) दो पर्यायवाची शब्द लिखो - पेड़ (1)

e) वाक्य बनाओ :- शुद्ध (1)

ख) आगरा का ताजमहल दुनिया के सात आश्चर्यों में से एक है| यह आगरा में यमुना नदी के किनारे स्थित है| इसके चारों कोनों पर चार मीनारें है| ताजमहल सफ़ेद संगमरमर से बना है| इसकी इमारत के सामने एक सुन्दर बगीचा ओर पानी की नहर है | ताजमहल को बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताज की याद में बनवाया था | रोज़ देश - विदेश से सैंकड़ों लोग उसे देखने आते हैं |

अनुछेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:-

a) ताजमहल कहाँ स्थित है ? (1)

b) ताजमहल किससे बना है ? (1)

c) इससे किसने ओर क्यों बनवाया था ? (1)

d) एकवचन लिखो :- (1)

मीनारें , कोनों

e) वाक्य बनाओ :- आश्चर्य (1)

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

1st Term Test – 2018

Sub: HINDI GRAMMAR | Class: 4B | F.M: 45

Duration: $1^{1/2}$ hrs | Date: 25.04.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) विलोम शब्द:- (1*4=4)

अस्वस्थ , कठिन, शत्रु , अविवाहित

2) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*3=3)

आदमी- मनुष्य , मनुज

पहाड़-पर्वत , नग

आकाश- नभ , गगन

3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (1*3=3)

क) शहर में रहने वाला-शहरी

ख) जो संभव न हो-असंभव

ग) जो साथ पढ़ता हो-सहपाठी

**(खंड ख)**

4) प्रश्न - उत्तर :- (3)

क) भाषा के दो रूप हैं | मौखिक और लिखित |

ख) भाषा के लिखने की विधि को लिपि कहते हैं |

ग) भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं |

5) वचन बदलकर लिखो :- (3)

क) लड़के मंच पर नाच रहे हैं|

ख) मेज पर किताबें रखी है |

ग) बंदरों ने केले खाये |

6) निम्न शब्दों का वर्ण - विच्छेद करो :- (3)

क) गुलाब - ग् + ु + ल् + ा + ब् + अ

ख) सूरज - स् +ू +र् +अ +ज् +अ

ग) कमल - क् + अ + म् + अ + ल् + अ

7) शब्द और पद में क्या अंतर है ? उदाहरण देकर लिखो | (3)

वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं | जैसे :- कमल शब्द जब वाक्य में प्रयोग किये जाते हैं , तब वे पद कहलाते हैं |जैसे :- कमल तालाब में खिलता है |

8) अनुस्वार किसे कहते हैं? उदहारण दो | (3)

अनुस्वार का चिन्ह् ( ं ) है | इसके उच्चारण में हवा केवल नाक से निकलती है | जैसे :- अंग,कंस आदि |

**(खंड - ग)**

9) वचन किसे कहते हैं ?वचन के कितने प्रकार हैं ?उनके बारे में उदहारण सहित लिखो | (1+1+3=5)

एक या एक से अधिक संख्या बताने वाले शब्दों को वचन कहते हैं | जैसे लड़का - लड़के

वचन दो प्रकार के होते हैं - एकवचन और बहुवचन

एक की संख्या बनाने वाले शब्दों को एकवचन कहते हैं | जैसे - पंखा

एक से एक की अधिक संख्या बनाने वाले शब्दों को बहुवचन कहते हैं | जैसे - पंखे

10) निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :- (5)

क) आग बबूला होना-गृह कार्य न करने पर मेरी अध्यापिका आग बबूला हो गई |

ख) आँखें खुलना-गुरु क ज्ञान से शिष्य की आँखें खुल गई |

ग) अपना उल्लू सीधा करना-नेता लोग केवल अपना उल्लू सीधा करते हैं |

घ) अंग - अंग मुस्काना-अपनी नानी को घर पर देखकर मेरा अंग - अंग मुस्काने लगा |

ङ) आँखों में धूल झोंकना-चोर गांव वालों की आँखों में धूल झोंक कर भाग गया |

11) अपठित गद्यांश (5*2=10)

अनुछेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:-

a) दिन - प्रतिदिन पेड़ कटने से जंगल साफ़ होते जा रहे हैं | (1)

b) पेड़ कटने से वर्षा कम होती जा रही है | (1)

c) हमें शुद्ध हवा पेड़ों से मिलती है | (1)

d) दो पर्यायवाची शब्द लिखो - पेड़ - वृक्ष , तरु (1)

e) वाक्य बनाओ :- शुद्ध - हमें शुद्ध पानी पीना चाहिए | (1)

अनुछेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो:-

a) ताजमहल आगरा में यमुना नदी के किनारे स्थित है| (1)

b) ताजमहल सफ़ेद संगमरमर से बना है| (1)

c) ताजमहल को बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज की याद में बनवाया था | (1)

d) एकवचन लिखो :- (1)

मीनारें - मीनार, कोनों - कोना

e) वाक्य बनाओ:-आश्चर्य - जादू का खेल देखकर मैं आश्चर्य में पड़ गया |(1)